हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

LUCKNOW	
7 JULY 2016	21

आईडीएसए स्किल इंडिया के सपने साकार कर रहा

रोजगार के मौके

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और रोजगार के अवसर देने का सपना पूरा करने के लिए इंडियन डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन कई वर्षों से अभियान चला रही है। आईडीएसए के जनरल सेक्रेटरी अमित चड्ढा ने कहा कि बेरोजगारी अब भी सरकार की सबसे बड़ी चिंता है।

उन्होंने कहा कि डायरेक्टर सेलिंग एक उद्योग है जो देश में 20 वर्षों से स्व-रोजगार के अवसर पैदा कर रहा है क्योंकि डायरेक्टर सेलर बनने के लिए कोई प्रतिबंध और दायरा नहीं है इसलिए कुशल क्षेत्रों और हर उम्र के लोग इससे जुड़ सकते हैं। यह संस्था अकुशल लोगों को जिन्हें मुख्यधारा में उचित स्थान नहीं मिलता उन्हें इस उद्योग ने आम आदमी से लीडर में बदला है। इस उद्योग के सशक्त होने से लोगों को कौशल, ज्ञान, अभिव्यक्ति की शक्ति, वैयक्तिक कौशल में सुधार और लीडर होने की क्षमता तैयार होती है।